अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 31 अक्टूबर, 2026 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सम्पादित कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा के सम्बन्ध में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक– 31.10.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) की बैठक अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे –

क्र0सं0	अधिकारी/कर्मचारी का नाम	पदनाम	विभाग का नाम
1	डॉ राम मोहन मीणा	मुख्य विकास अधिकारी/ सदस्य	प्रशासनिक विभाग़
2	श्री तौसीफ अहमद	अधिशासी अभियन्ता/ सदस्य सचिव	उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
3	श्री श्रीकान्त दर्वे	जिला पंचायत राज अधिकारी	पंचायती राज विभाग
4	श्री विशाल सोनकर	अधिशासी अभियन्ता	विद्युत विभाग–सदर
5	श्री रूपेश कुमार	अधिशासी अभियन्ता	विद्युत विभाग–लालगंज
6	श्रीमती सविता यादव	जिला सूचना अधिकारी	जिला सूचना एवं प्रसारण विभाग
7	श्री देवब्रत सिंह	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
8	श्री अंकित श्रीवास्तव	सहायक अभियन्ता	वि0/यां0 खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज
9	श्री अभिनव श्रीवास्तव	सहायक अभियन्ता	विद्युत विभाग–रानीगंज
10	श्री प्रशान्त सिंह	जूनियर इंजीनियर	लघु सिंचाई
11	श्री विजय प्रताप	जिला समन्वयक	जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई
12	श्री नीरज कुमार झा	डी0पी0एम0	मेसर्स मेधज–थर्ड पार्टी एजेन्सी
13	श्री आलोक दूबे	परियोजना प्रबन्धक	मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट लि0
14	श्री नागाराजू सनापला	परियोजना प्रबन्धक	मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0
15	श्री पंकज शर्मा	डी0पी0एम0	मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट लि0



बैठक के दौरान JJM Dashboard पर उपलब्ध विभिन्न बिन्दुओं एवं आंकड़ों की विस्तृत एवं गहन समीक्षा की गई, जो निम्नवत् है –

Table No.-1 : Jal Nigam Under Construction (UC) Scheme Progres

Schemes	Villages	< 50% Physical Progress	51-75% Physical Progress	> 75% Physical Progress	Physically Completed Scheme	Financially Completed Scheme
1	2	3	4	5	6	7
24	41	15	2	7	0	0

Table No.-1 में निर्माणाधीन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 24 नग पेयजल योजनायें जल निगम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है। जिसमें से 05 नग योजनायें खारे पानी से प्रभावित है, शेष 19 नग योजनाओं में निर्माण कार्य प्रगति पर है।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि जिन पेयजल योजनाओं की प्रगति 75 प्रतिशत से अधिक है, उन्हें माह दिसम्बर, 2026 तक एवं शेष योजनाओं को माह मार्च, 2027 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

Table No.-1A : Jal Nigam Operation and Maintenance Scheme Progress

Total Schemes	Total Village	RWS Village Status		
		Fully Functional	Partially Functional	Non Functional
1	2	3	4	5
145	225	59	145	21

Table No.-1A के अंतर्गत संचालन एवं अनुरक्षण (Operation & Maintenance) के अधीन संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि संचालन एवं अनुरक्षण (Operation & Maintenance) के स्वीकृत 143 कार्यों के सापेक्ष मरम्मत कार्य प्रगति पर है। विगत माह में 21 नग ग्राम Non-Functional से Partial Functional में शिफ्ट की गयी है, शेष ग्रामों को Functional किये जाने का कार्य प्रगति पर है।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य हेतु अनुबन्धित फर्म मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा से कार्ययोजना प्राप्त करते हुए माह नवम्बर, 2026 तक Non Functional ग्रामों को Partial Functional में शिफ्ट करना सुनिश्चित करें। साथ ही माह दिसम्बर, 2026 तक समस्त योजनाओं/ग्रामों को अधिकतम क्षमता पर संचालित करना सुनिश्चित करें।

Table No.-1B : Jal Nigam Retrofit Scheme Progress

Total No of Schemes	Total No of Village	No of Physically Completed Scheme	Total No of Village Physically Completed	No of Financially Completed Scheme	Total No of Village Financially Completed	No of Physicaly Not Completed /WIP Schemes	Total No of Village Not Completed /WIP	No of Financialy Not Completed /WIP Schemes	Total No of Village financialy Not Completed /WIP
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
98	153	98	153	1	1	0	0	97	152

Table No.-1B में जल निगम की रेट्रोफिट योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि 98 नग पेयजल योजनायें जो भौतिक रूप से पूर्ण है उन्हें वित्तीय रूप से माह दिसम्बर, 2026 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

Table No.-2 : Physical Progress Phase wise

S. no	Agency Name	Total Schemes	Total Villages	RWS Villages		Work Completed		Work In Progress			Villages in O&M but not RWS	OHT	
				Total RWS Villages	100% 90% to 99 % < 90%	O&M Schemes Villages	Trial Run Schemes Villages	Schemes Villages	Direct Pumping Schemes Villages	No RWS Schemes Villages		Required OHT	Completed OHT
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	[JJM] JMC - Lakshmi (JV)	366	780	472	103 142 227	65 121	87 180	214 483	22 44	157 318	0	**343**	**258**
2	[JJM] Power Mech Projects Ltd	456	1020	641	234 167 240	179 340	47 104	230 580	38 77	163 383	0	**452**	**383**
3	[Jal Nigam] LC Infra Project Limited	145	225	204	59 0 145	145 225	0 0	0 0	0 0	0 0	0	**0**	**0**
Total		**967**	**2025**	**1317**	**396 309 612**	**389 686**	**134 284**	**444 1063**	**60 121**	**320 701**	**0**	**795**	**641**

Table No.-2 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत Phase wise योजनाओं के प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन समस्त 822 नग पेयजल योजनाओं को पूर्ण किये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा CIRP (Comprehensive Implementation and Reform Plan) की तिथि/समय–सीमा निर्धारित की गयी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है –

क्र0सं0	माह का नाम	मेसर्स जे0एम0सी0	मेसर्स पावरमेक	योग
1	अक्टूबर, 2026	6	40	**46**
2	जनवरी, 2027	42	108	**150**
3	मार्च, 2027	104	90	**194**
4	दिसम्बर, 2027	56	156	**212**
5	मार्च, 2028	114	57	**171**
6	जून, 2028	44	05	**49**
	कुल योग –	**366**	**456**	**822**

समीक्षा के दौरान दोनों फर्मों द्वारा अवगत कराया गया कि उपरोक्त के अनुसार माह अक्टूबर, 2026 तक लक्षित समस्त 46 नग पेयजल योजनाओं को दोनों फर्मों द्वारा पूर्ण करते हुए अभिलेख कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके सत्यापन की कार्यवाही प्रगति पर है।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि उपरोक्तानुसार माह जनवरी, 2027 तक 150 नग एवं माह मार्च, 2027 तक 194 नग, इस प्रकार माह मार्च, 2027 तक कुल 390 पेयजल योजनायें (मेसर्स जे0एम0सी0 की 152 नग एवं मेसर्स पावरमेक की 238 नग) पूर्ण की जानी है, जिस हेतु वर्तमान में मेसर्स पावरमेक को न्यूनतम 1700 श्रमिक एवं मेसर्स जे0एम0सी0 को न्यूनतम 1600 श्रमिक लगाये जाने की आवश्यकता है। किन्तु वर्ममान में मेसर्स पावरमेक द्वारा 1700 श्रमिकों के सापेक्ष लगभग 1400 श्रमिक एवं मेसर्स जे0एम0सी0 द्वारा 1600 श्रमिकों के सापेक्ष लगभग 1200 श्रमिक कार्यस्थल पर लगाये गये है।

उक्त के दृष्टिगत बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया कि –

(i)- योजनाओं की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में सम्बन्धित फर्मों को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थल पर वांछित श्रमिक एवं T&P लगाकर समस्त पेयजल योजनाओं के कार्य पूर्ण करें। यदि कार्यस्थल पर वांछित श्रमिक नहीं लगाये जाते है तो आगामी जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा फर्मों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करें। साथ ही इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए कि भारत सरकार द्वारा भुगतान की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है, समस्त पेयजल योजनाओं में कार्य की प्रगति बढ़ाते हुए भौतिक प्रगति के अवरोही क्रम में कार्ययोजना बनाकर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(ii)- मेसर्स जे0एम0सी0 की 88 नग पेयजल योजनायें (183 राजस्व ग्राम) तथा मेसर्स पावरमेक की 50 नग पेयजल योजनायें (107 राजस्व ग्राम) जो ट्रॉयल एण्ड रन में है, को ओ0एण्ड एम0 में ले जाने हेतु सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया कि योजनावार Weekly Plan अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को प्रस्तुत करते हुए समस्त योजनाओं को माह नवम्बर, 2026 तक ओ0एण्ड एम0 में ले जाना सुनिश्चित करें। साथ ही जो 471 ग्राम ओ0एण्ड एम0 में है, उनका माह नवम्बर, 2026 तक एवं 284 ग्राम ट्रॉयल एवं रन में उनका माह दिसम्बर, 2026 तक 'हर घर जल' सर्टिफाई कराना सुनिश्चित करें।

(iii)- जिन पेयजल योजनाओं पर नियमित जलापूर्ति की जा रही है उन्हें अधिक क्षमता पर नियमित रूप से उचित गुणवत्ता एवं प्रेशर के साथ संचालन के निर्देश सम्बन्धित फर्म को दिये गये।

(iv)- जिन पेयजल योजनाओं में अभी तक जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की गयी है, उन योजनाओं की कार्ययोजना अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध कराते हुए यथाशीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करने के निर्देश सम्बन्धित फर्मों को दिये गये।

(v)- दोनों फर्मों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान काटी गयी सड़कों के पुर्नस्थापना का कार्य 10 नवम्बर, 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(vi)- जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई एवं टी0पी0आई0 यह सुनिश्चित करें कि सभी निर्माणाधीन योजनाओं में पर्याप्त संख्या में श्रमिकों की तैनाती हो तथा कार्य सुचारू रूप से संचालित हो। सभी साइटो का नियमित निरीक्षण कर श्रमिकों की उपलब्धता एवं कार्य की प्रगति की निगरानी सुनिश्चित की जाय।

Table No.-2A : Single Village Scheme Physical Progress

S. N.	Type	Total Schemes	Total Villages Certified Village	RWS Villages Total RWS Villages	RWS Villages 100% RWS(%)	Work Completed O&M Schemes Villages	Work Completed Trial Run Schemes Villages	Work In Progress Schemes Villages	Work In Progress Direct Pumping Schemes Villages	Work In Progress No RWS Schemes Villages	Financial Details (Lakh) Estimated Cost	Financial Details (Lakh) Expenditure
					90% to 99%							
					< 90%							
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1	SINGLE VILLAGE SCHEME (JJM)	315	314 46	205 65%	72 60 73	111 111	55 55	149 149	22 21	108 108	88723.22	47680.8
2	SINGLE VILLAGE SCHEME (Jal Nigam)	103	103 82	96 93%	21 0 75	103 103	0 0	0 0	0 0	0 0	0	0
	Total	418	417 128	301 72%	93 60 148	214 214	55 55	149 149	22 21	108 108	88723.22	47680.8

Table No.-2A में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत एकल ग्राम पेयजल योजनाओं की भौतिक प्रगति की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सम्बन्धित फर्मों को निर्देशित किया गया कि –

(i)- समस्त SVS पेयजल योजनाओं को भारत सरकार द्वारा निर्धारित CIRP Date के अनुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(ii)- जिन SVS पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं है उन पर यथाशीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये।

(iii)- जिन 301 राजस्व ग्रामों में सम्बन्धित फर्मों द्वारा जलापूर्ति की जा रही है उन्हें जल अर्पण कराते हुए हर घर जल सर्टिफाईड कराये।

Table No.-3 : RWS (Regular Water Supply Villages) disruption

S. N.	Agency Name	Total RWS disruption(Village)							O&M RWS disruption(Village)						
		Theft	Power Electrical Issue	Tullu Pump	Road Widening	Damage Village Internal Works	Local Repairing	Total	Theft	Power Electrical Issue	Tullu Pump	Road Widening	Damage Village Internal Works	Local Repairing	Total
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
1	JMC - Lakshmi (JV)	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2	Power Mech Projects Ltd	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
3	LC Infra Project Limited[Jal Nigam]	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
Total		0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0

Table No.-3 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नियमित पेयजल आपूर्ति वाले ग्रामों में जलापूर्ति व्यवधान की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि यदि उपरोक्त कारणों से नियमित जलापूर्ति वाले ग्रामों में व्यवधान उत्पन्न होता है तो अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

Table No.-4 : Certification/Jal Arpan/Jal Aklan/RPWSS/Road Restoration

S. No.	Agency Name	Villages	Certification	Jal Arpan	Jal Aklan	100% Road Restoration Villages
1	2	3	4	5	6	7
1	JMC - Lakshmi (JV)	780	59	73	160	548
2	Power Mech Projects Ltd	1020	153	189	137	719
Total		1800	212	262	297	1267

Table No.-4 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल Certification/Jal Arpan/Jal Aklan/RPWSS/Road Restoration वाले ग्रामों की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में 100 प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है एवं हर घर जल रिर्पोटेड की श्रेणी में है, उनका साप्ताहिक प्लान बनाते हुए भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुरूप जल अर्पण कराकर हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें।

साथ ही इसके सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुरूप जल अर्पण की कार्यवाही ग्राम सचिव की आई0डी0 से होना है। कतिपय ग्रामों में ग्राम सचिव परिवर्तित हो जाने के कारण वर्तमान में कार्यरत पंचायत सचिव के माबाइल नं0 में ओ0टी0पी0 प्राप्त नहीं हो रहा है, जिससे ई–स्वराज पोर्टल पर लॉगिंन किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है तथा ग्राम सचिव का नम्बर भारत सरकार के ई–ग्राम स्वराज पोर्टल पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अपडेट कराये जाने की आवश्यकता है। इस सम्बन्ध में अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा बैठक में उपस्थित जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि वर्तमान में कार्यरत समस्त सचिवों की ई–ग्राम स्वराज पोर्टल पर अद्यतन विवरण/मोबाइल नं0 अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) से समन्वय स्थापित कर 01 सप्ताह के अन्तर्गत अपडेट कराना सुनिश्चित करें।

Table No.-4A : RPWSS Village Details

S. No.	Total No of Villages	No of Villages Where RPWSS Finalized	No of Villages Where RPWSS in Draft	No of Village RPWSS not Started	Finalized(%)
1	2	3	4	5	6
1	2104	1928	140	36	91.63%

Table No.-4A में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप्ड पेयजल आपूर्ति योजनाओं Sujal Gaon ID/RPWSS ID की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि शेष ग्रामों के RPWSS ID से सम्बन्धित कार्यवाही 15 दिवस के अन्दर कराना सुनिश्चित करें।

Table No.-5 : Components Wise Physical Progress

Sr.No.	Components	Physical Progress		
		Target	Achievement	%
1	2	3	4	5
1	ट्यूबवेल	980	951	97.04
2	पंप हाउस	980	905 (+18)	92.35
3	क्लोरीनीकरण प्रणाली	980	627(+93)	63.98
4	ओवरहेड टैंक (OHT)	795	792/641 (+12)	99.62
5	पाइपलाइन बिछाने का कार्य (कि.मी).	14360	13031	90.75
6	सौर ऊर्जा प्लांट	667	585	87.71
7	घरेलू नल कनेक्शन(FHTC)	491841	472522 (+888)	96.07
8	सड़क मरम्मत का कार्य (KM)	5312	5310 (+27)	99.92
9	वे गाँव जहाँ 100% सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण हो चुका है।	1800	1271(+42)	70.61
10	कमीशनिंग गाँव	1800	717(+107)	39.83
11	नियमित जल आपूर्ति	1800	1113(+24)	61.83

Table No.-5 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत योजना के विभिन्न घटकों के भौतिक प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 641 शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिनमें से 490 शिरोपरि जलाशय की संयुक्त जॉच टी0पी0आई0/जूनियर इंजीनियर द्वारा की जा चुकी है। जॉच के दौरान 422 शिरोपरि जलाशय सुरक्षित (Safe) पाए गए, जबकि 52 शिरोपरि जलाशय में छिटपुट कमियॉ (Minor Deficiencies) तथा 16 शिरोपरि जलाशय में प्रमुख कमियॉ (Major Deficiencies) पाई गई है। जिन शिरोपरि जलाशय में छिटपुट कमियॉ पायी गयी है, उनका कार्य प्रगति पर है तथा जिनमें प्रमुख कमियॉ पायी गयी है, उनका एम0एन0एन0आई0टी0, प्रयागराज से तकनीकी परीक्षण कराया गया है। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त तकनीकी विशलेषण के आधार पर दुरूस्तीकरण एवं मरम्मत कार्य कराया जायेगा।

इस सम्बन्ध में सम्बन्धित फर्मों को निर्देशित किया गया कि –

(i) जिन शिरोपरि जलाशय में कमियॉ पाई गई है, उनमें आवश्यक मरम्मत/सुधार का कार्य 15 दिवस के अन्दर प्राथमिकता के आधार पर अनिवार्य रूप से पूर्ण कराते हुए अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(ii)- जिन ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है उन्हें नियमित रूप से उचित गुणवत्ता, प्रेशर एवं क्लोरीनेशन के साथ संचालित करने के निर्देश सम्बन्धित फर्मों को दिये गये।

(iii)- जिन ग्रामों में अभी तक जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की गयी है उन ग्रामों की कार्य योजना बनाकर जलापूर्ति प्रारम्भ कराने के निर्देश सम्बन्धित फर्मों को दिये गये।

Table No.-6 : Unified Command and Control System (UCCS)-Automation

S. No.	Agency Name	Total			O&M		
		Scheme	Integrated	Live	Scheme	Integrated	Live
1	2	3	4	5	6	7	8
1	JMC - Lakshmi (JV)	366	80	86	65	65	63
2	Power Mech Projects Ltd	456	205	141	179	167	121
Total		822	822	293	227	244	232
##	Jal Nigam	145	0	0	0	0	0
Total		967	967	293	227	244	232

Table No.-6 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत योजना के अन्तर्गत लगाए गए Unified Command and Control System (UCCS)-Automation की समीक्षा करते हुए बैठक में उपस्थित सम्बन्धित फर्म/सहायक अभियन्ता, विद्युत यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज को निर्देशित किया गया कि –

(i)- जो पेयजल योजनायें ओ0एण्ड एम0 में है किन्तु Integrated नहीं है उन्हे Integrated कराना सुनिश्चित करें।

(ii)- जो पेयजल योजनायें Integrated है किन्तु Live नहीं है, उनको Live ले जाना सुनिश्चित करें।

Table No.-7 : Grievance Redressal System

S. No.	Agency Name	Total Complaint			O&M Complaint		
		Total	Close	Pending	Total	Close	Pending
1	2	3	4	5	6	7	8
1	JMC - Lakshmi (JV)	267	240	27	117	103	14
2	Power Mech Projects Ltd	489	470	19	337	319	18
3	LC Infra Project Limited (Jal Nigam)	166	154	12	12	12	0
Total		922	864	58	466	434	32

Table No.-7 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि लम्बित 58 शिकायतों का समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

Table No.-8 : भारत सरकार द्वारा निर्धारित, प्रदेश के Arsenic/Fluoride/JE/AES प्रभावित क्षेत्रों का विवरण

S. No	Description	Total Villages	Completed Villages	Work In Progress Villages	Completed(%)
1	2	3	4	5	6
1	Fluoride	40	35	5	88
2	JE/AES	3	3	0	100

Table No.-8 में आर्सेनिक/फ्लोराइड/जेई/एई प्रभावित ग्रामों में पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फ्लोराइड से प्रभावित कुल 40 ग्रामों के सापेक्ष 35 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष प्रभावित 05 ग्रामों में पेयजल सुविधा सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्य प्रगति पर है, जिसे एक माह में पूर्ण कर लिया जायेगा।

Table No.-9 : Water Quality

S. N.	District	I. Ground Water Source					II. Water Storage Structure (at Outlet)				
		No. of Sources	Target Half Yearly	% Achieved H1: Apr-Sep	Achieved H2 : Oct-Mar		No. of Water Storage Struct.	Half Yearly Target	% Achieved H1: Apr-Sep	Achieved H2 : Oct-Mar	
					Nos.	%				Nos.	%
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	Pratapgarh	1038	1038	95%	334	32.18%	443	443	97.29%	165	37.25%

Table No.-9 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) निर्देशित किया गया कि समस्त पेयजल योजनाओं जिनमें नियमित जलापूर्ति हो रही है उनकी नियमित रूप से जल गुणवत्ता की जांच कराना सुनिश्चित करें।

Table No.-10 : Automation Integrated Schemes

S. N.	District Name	Agency Name	Total Schemes	Total Subscriptions lot Hub against JJM Schemes	O&M Scheme Status					Total Integrated Scheme Status	
					O&M Schemes	Integrated with Automation Scheme	Data Verify by EE E&M Scheme	Live connected Scheme	No. of Schemes, data not received past two days	Integrated with Automation Scheme	Data Verify by EE E&M Scheme
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	Pratapgarh	JMC-Lakshmi (JV)	366	265	65	65	12	63	2	88	12
		Power Mech Projects Ltd.	456	277	179	167	37	121	40	205	38
Total			**822**	**542**	**244**	**232**	**49**	**184**	**42**	**293**	**50**

Table No.-10 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी पेयजल योजनाओं पर पानी की गुणवत्ता एवं नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा live monitoring के लिए Scada / Automation Integrated Schemes लगाए जाने के लिए फर्म/सहायक अभियन्ता, विद्युत यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज को निर्देशित किया गया कि सभी ओ0एण्ड एम0 की पेयजल योजनाओं पर SCADA/Automation Integrated System कर Live Monitoring सुनिश्चित करें।

<u>अन्य बिन्दु –</u>

1– बैठक के दौरान जिन स्थानों पर भूमि अभी तक अप्राप्त है, के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी। इस सम्बन्ध में जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में अब तक 04 ग्रामों में भूमि अप्राप्त है। विवरण निम्नवत् है –

क्र0सं0	तहसील का नाम	विकास खण्ड का नाम	पेयजल योजना का नाम	फर्म का नाम
1	कुण्डा	कालाकांकर	करमगंज	मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0
2	कुण्डा	विहार	खरगीपुर	मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0
3	लालगंज	लालगंज	सलेम भदरी	मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0
4	लालगंज	लालगंज	पड़री	मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0

इसी प्रकार द्वितीय ट्यूबवेल हेतु अभी तक भूमि अप्राप्त है, जिसका विवरण निम्नवत् है –

क्र0सं0	तहसील का नाम	विकास खण्ड	योजना का नाम	फर्म का नाम
1	कुण्डा	कुंडा	भदरी एवं बिसहिया	मेसर्स पावरमेक
2	कुण्डा	बिहार	सराय बाबुइन एवं धारुपुर	मेसर्स पावरमेक
3	कुण्डा	कुंडा	शेरगढ़ एवं सरियावन	मेसर्स पावरमेक
4	कुण्डा	बाबागंज	सलेमपुर भदरी	मेसर्स पावरमेक
5	पट्टी	बाबा बेलखर नाथ धाम	पडरी जबर एवं गुटौली	मेसर्स पावरमेक
6	पट्टी	बाबा बेलखर नाथ धाम	मीरानपुर एवं राजपुर मुफरीद	मेसर्स पावरमेक
7	सदर	सदर	प्रतापगढ़ ग्रामीण एवं बनबीरकच	मेसर्स पावरमेक
8	सदर	संडवा चन्द्रिका	पारा हमीदपुर	मेसर्स पावरमेक
9	लालगंज	लालगंज	गौखडी एन उधरनपुर	मेसर्स पावरमेक
10	लालगंज	रामपुर संग्रामगढ़	रामपुर बवली	मेसर्स पावरमेक
11	सदर	मान्धाता	दिवैनी	मेसर्स जे0एम0सी0
12	लालगंज	लक्ष्मणपुर	गावी महुबावन एवं तेलियाही	मेसर्स जे0एम0सी0
13	लालगंज	लक्ष्मणपुर	लक्ष्मणपुर एवं महुआरा	मेसर्स जे0एम0सी0

बैठक के दौरान जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, प्रतापगढ़ को निर्देशित किया गया कि जो भी योजनायें भूमि अप्राप्त के कारण अनारम्भ है तथा ट्यूबवेल हेतु भूमि अप्राप्त है, के सम्बन्ध में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से व्यक्तिगत सम्पर्क कर 07 दिवस के अन्दर भूमि का प्रस्ताव प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 11 नग योजनाओं पर भूमि विवाद के कारण कार्य बाधित है, का विवरण निम्नानुसार है –

क्र0सं0	तहसील का नाम	विकास खण्ड	योजना का नाम	विभाग/फर्म का नाम	टिप्पणी
1	सदर	सण्डवा चन्द्रिका	उपाध्यायपुर	मेसर्स पावरमेक	मा0 न्यायालय में जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 द्वारा लम्बित वादों में जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल के माध्यम से प्रभावी पैरवी की जा रही है।
2	रानीगंज	शिवगढ़	तवंकलपुर एवं पहाड़पुर	मेसर्स जे0एम0सी0	
3	रानीगंज	रानीगंज	भवानीगढ़ पेयजल योजना	मेसर्स जे0एम0सी0	
4	सदर	मान्धाता	मल्हूपुर	मेसर्स जे0एम0सी0	
5	रानीगंज	शिवगढ़	सराय भरतराय	मेसर्स जे0एम0सी0	
6	रानीगंज	रानीगंज	जयरामपुर	मेसर्स जे0एम0सी0	
7	रानीगंज	रानीगंज	नसीरपुर	मेसर्स जे0एम0सी0	
8	रानीगंज	रानीगंज	रघवापुर	मेसर्स जे0एम0सी0	
9	सदर	सदर	धरौली	मेसर्स जे0एम0सी0	
10	पट्टी	पट्टी	पूरबपट्टी	मेसर्स जे0एम0सी0	
11	रानीगंज	रानीगंज	खालिसपुर	मेसर्स जे0एम0सी0	

बैठक के दौरान जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, प्रतापगढ़ को निर्देशित किया गया कि जो भी योजनायें भूमि विवाद के कारण कार्य बाधित है, उन सभी प्रकरणों का 15 दिवस के अन्दर अलग–अलग परीक्षण करते हुए 01 सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराये एवं जिला शासकीय अधिवक्ता से व्यक्तिगत सम्पर्क कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की आगामी बैठक से पूर्व निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

2– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि शासनादेश सं0– 36/2026/1541/ छिहत्तर–1–2026– (2069633) दिनांक 21 जुलाई, 2026 के क्रम में कार्यालय जिलाधिकारी महोदय, प्रतापगढ़ के पत्रांक– 3152/एम–9/28 दिनांक– 03.08.2026 द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में 'निर्णय मैट्रिक्स' से आच्छादित पेयजल योजनाओं की सूची उपलब्ध कराये जाने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक– 3386/डब्ल्यू–49/614 दिनांक– 14.08.2026, 4259/डब्ल्यू–49/676 दिनांक– 17.09.2026 एवं 4331/डब्ल्यू–49/689 दिनांक– 21.09.2026 द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज से अनुरोध किया गया है, जिसके क्रम में उनके पत्रांक संख्या– 1937/जेजेएम प्रतापगढ़/504 दिनांक– 22.09.2026 द्वारा 'निर्णय मैट्रिक्स' से आच्छादित 352 योजनाओं की सूची उपलब्ध करायी गयी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है –

निर्णय मैट्रिक्स	प्रभावित योजनाओं की संख्या
तीन बार नलकूप ड्रिलिंग प्रयास तकनीकी दृष्टि से असफल	54
जलधारिता अपर्याप्त	277
उच्च TDS/फ्लोराइड/आर्सेनिक/नाइट्रेट	21 (फ्लोराइड)
ओवर–एक्सप्लॉइटेड/क्रिटिकल भूजल ब्लॉक, कठोर शैल क्षेत्र	0
पुनर्भरण की पर्याप्त सम्भावना	0
कुल	**352**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उपरोक्त योजनाओं के संदर्भ में वांछित डाटा यथा सम्बन्धित ग्राम की जनसंख्या, क्षेत्रफल, रेनफॉल डाटा इत्यादि का विवरण सम्बन्धित विभाग से प्राप्त करते हुए संयुक्त निरीक्षण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है एवं वर्तमान तक 17 विकास खण्डों के सापेक्ष 14 विकास खण्डों का स्थलीय निरीक्षण कर लिया गया है, शेष 03 विकास खण्ड क्रमशः सदर, मान्धाता एवं विहार की सत्यापन की कार्यवाही प्रगति पर है।

उक्त शेष 03 विकास खण्डों की सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण करते हुए संयुक्त निरीक्षण आख्या एवं विस्तृत रिपोर्ट निर्णय मैट्रिक्स के अनुसार डी0डब्ल्यू0एस0एम0 की आगामी बैठक में समिति के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

3– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मेसर्स जे0एम0सी0 एवं मेसर्स पावरमेक द्वारा पूर्ण करायी गयी कतिपय पेयजल योजनाओं की कार्यों की वास्तविक लागत SLSSC (State Level Scheme Sanctioning Committee) द्वारा स्वीकृत लागत से अधिक आ रही है, जिसके सम्बन्ध में अन्य जनपदों की भॉति उनके द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) को अवगत कराया गया है, जिसके क्रम में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा निर्देशित किया गया है कि ऐसी योजनायें, जिनकी वास्तविक लागत स्वीकृत लागत से अधिक आ रही है, का वैरिऐशन स्टेटमेन्ट/प्रस्ताव जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के माध्यम से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को भेजवाना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि ऐसी योजनायें जिनकी वास्तविक लागत, स्वीकृत लागत से अधिक आ रही है, का प्रस्ताव राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को अग्रेतर कार्यवाही हेतु भेजवाना सुनिश्चित करें।

4– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि शासनादेश संख्या–34/2025/1564/छिहत्तर–1–2025–1739613 दिनांक– 17 जून, 2025 द्वारा जनपद में यदि कोई ग्राम छूट गये है, का विवरण उपलब्ध कराने तथा उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ की समीक्षा बैठकों के दौरान छूटे हुए ग्राम का डी0पी0आर0 प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। जनपद प्रतापगढ़ में ऐसे ग्राम जो हर घर जल योजना से आच्छादित करने से छूट गये है, का विवरण निम्नवत् है –

क्र0सं0	तहसील का नाम	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	राजस्व ग्राम का नाम
1	रानीगंज	शिवगढ़	रामपुर आधारगंज	1– रामपुर आधारगंज (जनसंख्या– 2444, हाउसहोल्ड– 362)
2	पट्टी	मंगरौरा	कान्धरपुर	1– कान्धरपुर (जनसंख्या– 1193, हाउसहोल्ड– 187) 2– सुजानगढ़ (जनसंख्या– 1790, हाउसहोल्ड– 284)

इस सम्बन्ध में अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त ग्रामों का डी0पी0आर0/प्रस्ताव तैयार कर 15 दिवस के अन्दर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को भेजवाना सुनिश्चित करें।

बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

Digitally signed by TAUSEEF AHMAD
Date: 07-11-2026 17:04:04

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/
डी0डब्ल्यू0एस0एम0,
प्रतापगढ़।

Digitally signed by RAMMOHAN MEENA
Date: 13-11-2026 22:18:27

मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
प्रतापगढ़।

Digitally signed by ABHISHEK PANDEY
Date: 13-11-2026 22:20:35

अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
प्रतापगढ़।

कार्यालय जिलाधिकारी, प्रतापगढ़।

पत्रांक : / / दिनांक :

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4– मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
5– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
6– अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, प्रतापगढ़।
7– जिला विकास अधिकारी, प्रतापगढ़।
8– प्रभागीय वनाधिकारी, प्रतापगढ़।
9– जिला मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतापगढ़।
10– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़।
11– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सिंचाई विभाग, प्रतापगढ़।
12– अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, प्रतापगढ़।
13– जिला कृषि अधिकारी, प्रतापगढ़।
14– हाइड्रोलॉजिस्ट, भूगर्भ जल विभाग, प्रतापगढ़।
15– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, प्रतापगढ़।
16– जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रतापगढ़।
17– अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम/रानीगंज/लालगंज/कुण्डा, प्रतापगढ़।
18– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
19– सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, प्रतापगढ़।
20– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, प्रतापगढ़।
21– सहायक विकास अधिकारी (तकनीकी), पंचायतीराज, प्रतापगढ़।
22– जिला समन्वयक, जिला परियोजना निगरानी इकाई, प्रतापगढ़।
23– डी0पी0एम0, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 (टी0पी0आई0ए0–कन्स्ट्रक्शन एवं ओ0एण्ड एम0), प्रतापगढ़।
24– श्री सोमेश शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जे0एम0सी0–एल0सी0ई0सी0पी0एल0 (जेवी), 06 तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हयात होटल के सामने सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई।
25– श्री नागराजू सनापला, प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट–भुरथनम कान्स्ट्रक्शन (जेवी), प्लाट नं0– 77, जुबली इन्क्लेव, हाईटेक ऑकेड, मधापुर, हैदराबाद।
26– श्री आलोक दूबे, प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट लि0, अहमदाबाद, गुजरात।

अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
प्रतापगढ़।